## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोविड से बचाव की तैयारी को लेकर किया गया मॉकड्रिल

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर रायगढ़ जिले में कोरोना की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की टीम भी भ्रमण कर तैयारियों का परीक्षण किया। जिला अस्पताल सहित समस्त सी.एचसी, पीएच.सी में मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत विविध प्रकार के जीवन रक्षक मेडिकल उपकरणों को शुरू कर उनकी क्रियाशीलता जांची गयी एवं दवाईयों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। कोविड को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारी पूरी है तथा हर तरह से निगरानी बरती जा रही है। लोगों द्वारा मास्क, सेनेटायजर, सोशल डिस्टेंस का भी प्रयोग किया जाना आवश्यक है। जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज मे कोविड सैंपल हेतु आरटीपीसीआर टेस्ट किया जायेगा। समस्त विकासखंड के सीएचसी व पीएचसी में एंटीजन टेस्ट की सुविधा लोगों को दी जायेगी। पीपीकिट पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि कोविड के लिये सर्तकता बरतने में शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश का पालन करने में सहयोग प्रदान करें।

### कक्षा पहली की छात्रा गर्म दाल के पतीले में गिरकर झुलसी

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के प्राथमिक शाला बांसला में कक्षा पहली की छात्रा तेजेश्वरी तांडिया उम्र 05 वर्ष मिड डे मील वितरण के दौरान गर्म दाल से भरे पतीले में गिर गई, इससे छात्रा बुरी तरह से झुलस गई है। उसे गंभीर हालत में भानुप्रतापपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार जारी है। कांकेर एसडीएम प्रतीक जैन ने कहा कि जिस तरह से घटना हुई है, इससे बड़ी लापरवाही का पता चल रहा है, जबकि मध्याह्न भोजन देने के लिए स्कूल प्रबंधन को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जांच टीम गठित कर दी गई है। इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम अवस्थी को मिली एसीबी ईओडब्ल्यू के महानिदेशक की जिम्मेदारी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने रिटायर आईपीएस अधिकारी डीएम अवस्थी को एंटी करप्शन ब्यूरो व ईओडब्ल्यू के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसी जिम्मेदारी से वे 31 मार्च को रिटायर हुए हैं. इसके बाद उन्हें पोस्ट रिटायरमेंट विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में नियुक्ति दी गई. अब सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें एसीबी-ईओडब्ल्यू के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी है।

### तारलागुड़ा में 11 जवानों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव मिली

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के भोपालपटनम ब्लाक के तारलागुड़ा में पुलिस के आठ जवानों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव मिलने के बाद डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन ने अतिरिक्त सावधानी बरतने की हिदायत दी है। मिली जानकारी के मुताबिक जवानों के सैंपल जगदलपुर मेडिकल कॉलेज भेजे गए थे। जहां से इनके डेंगू पीड़ित होने की पुष्टि हुई। इसके बाद बीएमओ राजेन्द्र राय व बीपीएम देवेंद्र नेताम के निर्देश पर टीम गठित कर तारलागुड़ा रवाना किया गया था। स्वास्थ्य विभाग डा. चंद्रशेखर ने बताया कि तारलागुड़ा पुलिस कैंप में 76 जवानों का परिक्षण किया गया है। इनमें तीन और जवान डेंगू पॉजिटिव मिले हैं। सभी मरीजों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। इससे पहले भी पोटाकेबिन आवासीय विद्यालय में तीन छात्राएं डेंगू पीड़ित हुई थीं, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम में भर्ती कराया गया था।

### नरसापुरम में जादू-टोना की आशंका में एक ग्रामीण की हुई हत्या

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले के घुर नक्सल प्रभावित चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरसापुरम के पटेलपारा निवासी मदकम बंडी मुरिया पिता जोगा बंडी मुरिया की उसी ग्राम के रहने वाले कवासी हूंगा मुरिया पिता कवासी हन्दा मुरिया द्वारा 10 अप्रैल को रात्रि लगभग 10/11 बजे धारदार हथियार बंडा से वॉर कर हत्या कर दिया है। चिंतलनार थाना की पुलिस के विवेचना से यह तथ्य सामने आया कि आरोपी के भाई कवासी देवा उम्र 35 वर्ष की किसी अज्ञात बीमारी से मृत्यु 01 दिन पहले हुई थी। जिसमें उसे शक था कि मृतक मदकम बंडी ने जादू टोना करके उसके भाई को मारा है, आरोपी के पिता की मृत्यु पर भी उसे ऐसा ही शक मृतक के ऊपर पहले से ही था। इसी जादू टोना के शक में उसने आक्रोश में घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना के संबंध में थाना चिंतलनार में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# यातायात नियमों को लेकर लापरवाही पर अब होगी सख्त कार्यवाही, कलेक्टर ने बनाया जिला स्तरीय टास्क फोर्स

- सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों का पालन सभी की जिम्मेदारी-कलेक्टर
- टास्क फोर्स में होंगे पुलिस, परिवहन, माइनिंग सहित अन्य विभागों के अमले, सभी वाहनों की होगी जांच
- टास्क फोर्स सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम और सड़क सुरक्षा जागरूकता का करेगी काम
- कोविड के बढ़ रहे मामले, कलेक्टर ने कहा अलर्ट पर रहे स्वास्थ्य विभाग
- 6 माह से बिना बताए गायब शिक्षकों को करें बर्खास्त, कलेक्टर ने डीईओ को दिए निर्देश



**रायगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सड़क सुरक्षा की जागरूकता के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है। उन्होंने समय-सीमा की बैठक के दौरान इस संबंध में दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी संबंधित विभागों को साथ मिलकर काम करना होगा।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि दुर्घटना की रोकथाम के लिए नियमित रूप से दो पहिया, चार पहिया समेत सभी प्रकार के वाहनों की जांच की जाए। बहुत से मामले ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने जैसे कारणों से आते हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि परिवहन, पुलिस, माइनिंग और पर्यावरण विभाग मालवाहक गाडिय़ों की जांच करें एवं लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि हाईवे में काफी तेजी से गाडिय़ां दौड़ती हैं, इस पर भी नियंत्रण रखा जाय। इन रास्तों पर चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करें। चार पहिया सवार सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने संबंधित अन्य विभागों को सड़क सुरक्षा की जागरूकता को लेकर काम करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार का काम 15 जून के पहले अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि अपने क्षेत्र के स्कूलों में चल रहे कार्यों की प्राथमिकता से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा स्कूलों में कमरे हवादार हों, टॉयलेट अच्छा हो तथा बारिश में सीपेज की समस्या नहीं होनी चाहिए। अस्पतालों के उन्नयन कार्य की भी उन्होंने समीक्षा की और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आगामी मई माह में पुन: रोजगार मेले का आयोजन करना है, अत: विभाग अभी से तैयारी शुरू कर दें। कलेक्टर सिन्हा ने जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा काम धीमा चल रहा है, इसमें जल्द प्रगति लाएं।

बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कोविड को लेकर स्वास्थ्य अमला अलर्ट-** कलेक्टर सिन्हा ने पिछले कुछ दिनों में प्रदेश में बढ़े कोविड के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट पर रहने के लिए कहा है। टेस्टिंग बढ़ाने और अन्य एहतियात बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अभी मामले ज्यादा गंभीर किस्म के नही है, लेकिन विभाग अपनी तैयारी पूरी रखे।

**बिना बताए 6 माह से अधिक समय से अनुपस्थित शिक्षकों को करें बर्खास्त-** कलेक्टर सिन्हा ने जिला शिक्षाधिकारी से कहा कि 6 माह से अधिक समय से बिना बताए स्कूलों से गायब शिक्षकों को नोटिस जारी करें और उनका जवाब नहीं मिलने या उपस्थित नहीं होने पर नियमानुसार बर्खास्तगी की कार्यवाही करें। ऐसे लापरवाही में कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

**बेरोजगारी भत्ता के लिए बैंक खाता और भौतिक सत्यापन पर करें फोकस-** बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने बेरोजगारी भत्ता के क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, उनके बैंक खातों को वेरिफाई करवा कर भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा ऐसे आवेदन जो पात्रता की श्रेणी में नही आ रहे हैं उन्हें अस्वीकृत करने से पहले क्रॉस वेरिफाई जरूर करें। इसके साथ ही भौतिक सत्यापन की सूचना जो आईडी में प्राप्त हो रही है, उसका आवेदकों को नियमित रूप से जांच करने के लिए जरूर कहें।

**त्रुटिरहित हो सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-** कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान जिले में चल रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक सर्वे पूरा करना है। उन्होंने सभी सीईओ जनपदों से कहा कि अब तक की प्रोग्रेस की समीक्षा कर लें। जहां प्रगणक दलों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है तत्काल बढ़ाएं। प्रयास करें कि 25 अप्रैल तक सर्वे पूर्ण हो। ताकि अंतिम सप्ताह में सर्वे से जुड़े अन्य कार्य करने के लिए पर्याप्त समय हो।

# कुएं में गिरा मासूम तो बचाने के लिए कूद पड़ी बुआ : टांगे टूटी फिर भी हिम्मत नहीं हारी



**गरियाबंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में डेढ़ साल का बच्चा खेलते-खेलते गहरे कुएं में जा गिरा । बच्चे को बचाने उसकी बुआ ने कुएं में छलांग लगा दी और जान बचा ली। वहीं बच्चे के पेट में पानी भर जाने से उसकी सांसें थम चुकी थी, लेकिन बुआ ने हिम्मत नहीं हारी।

पेट दबाकर पानी बाहर निकाला और मुंह से सांसें दी, तब जाकर बच्ची की सांसें चलने लगी, लेकिन इस हादसे में युवती का भी पैर टूट गया है।

जानकारी के अनुसार केरेगांव में रविवार की शाम हर्ष ध्रुव नाम का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान बच्चे की दादी को कुएं में जोर से गिरने की आवाज आई। तब जाकर उसने देखा कि हर्ष कुएं में गिर गया है। इसके बाद वहां चीख पुकार मच गई। बच्चे की मां भी मौके पर पहुंची, लेकिन उसकी भी हिम्मत नहीं हुई कि वह कुएं में कूद जाए। इसी दौरान बच्चे की बुआ गायत्री ध्रुव पहुंची और 20 फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। कुएं में बच्चे की तलाश की तो उसे बच्चा भी मिल गया।

चीख पुकार मचते ही आस-पास के लोग भी दौड़े और उसे तुरंत रस्सी दी। तब गायत्री बच्चे को लेकर बाहर निकली, लेकिन उस दौरान बच्चे की सांसें नहीं चल रही थी। इस पर गायत्री ने उसे उल्टा किया और बच्चे के पेट को दबाया, तो उसके मुंह से काफी पानी निकला और अपने मूंह से सांस दी तो बच्चे की सांस लौटी। इसके बाद बच्चे को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर के अम्बेडकर अस्पताल रेफर किया गया है।

**बच्चे की हालत खतरे से बाहर-** उपचार के बाद डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे के फेफड़े में पानी भर गया है। इस कारण से उसे रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल उसका उपचार जारी है और बच्चे की हालत भी खतरे से बाहर बतायी गई है।

# खरसिया पुलिस ने रजघटा में युवक के घर से बरामद की चोरी की बाइक, आरोपी गिरफ्तार

- ढाबा के सामने खड़ी बाइक को चुराकर घर में छुपा रखा था युवक



**रायगढ़ ।** थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के सक्रिय सूचना तंत्र पर एक सप्ताह पहले घरघोडा क्षेत्र में ढाबा के सामने से चोरी हुई बाइक को खरसिया पुलिस द्वारा कल शाम मुखबीर सूचना पर ग्राम रजघटा के कमल चौहान (21 साल) के घर दबिश देकर युवक के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बजाज सिटी 100 बरामद किया गया है।

जानकारी के मुताबिक कल दिनांक 10/04/2023 के शाम थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर क मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम रजघटा का कमल चौहान अपने घर पर चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखा है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने से सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मी राठौर के हमराह आरक्षक योगेश साहु को रजघटा रवाना कर तस्दीक का निर्देश दिये। खरसिया पुलिस द्वारा दबिश पर आरोपी कमल कुमार चौहान पिता हरिप्रसाद चौहान उम्र 21 साल निवासी रजघटा खरसिया के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बजाज सिटी 100 सीजी 12 ए. डब्लू. 5435 बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपी कमल चौहान ने बाइक को घरघोड़ा के अमलीडीह ढाबा के सामने से एक सप्ताह पहले चोरी कर घर में छिपा रखना बताया है। आरोपी पर थाना खरसिया में धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है।

# आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने किया मॉकड्रिल

- कलेक्टर व एसपी के दिशा-निर्देश में जवानों ने पुलिस लाईन उर्दना में किया अभ्यास





**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर जिले में आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने आज पुलिस लाईन उर्दना में मॉकड्रिल किया। एडिशनल एसपी संजय महादेवा के नेतृत्व में पुलिस की टुकड़ी ने आकस्मिक परिस्थिति में भीड़ को तितर-बितर करने से लेकर इमरजेंसी जैसे हालात में मोर्चा संभालने का अभ्यास किया। इस दौरान छठवीं बटालियन की उपसेनानी सुरेशा चौबे, प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा उपस्थित रहे।

मॉकड्रिल में प्रदर्शन कारियों से निपटने के तरीकों का अभ्यास जवानों द्वारा किया गया। हेलमेट, बाडी गार्ड, ऐल्बो गार्ड, शील्ड, लाठी जैसे सुरक्षा उपकरणों से लैस पुलिस जवानों के द्वारा प्रदर्शनकारियों की भीड़ से निपटने की निर्धारित ड्रिल चरणबद्ध तरीके से किया गया। जिसमें पहले बात कर समझाईश देने तथा नही मानने पर अंतिम चेतावनी देने के बाद कार्यवाही का अभ्यास किया गया। इसमें अभ्यास के दौरान समस्त बल को टीयर स्मोक पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, शस्त्र पार्टी, रिजर्व पार्टी में बांटकर सूचना संकलन टीम, वार्तालाप टीम, मेडिकल टीम व बलवा टीम के रूप में विभक्त किया गया। अभ्यास के दौरान सर्वप्रथम प्रदर्शन कारियों को वार्तालाप टीम द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की टीम द्वारा समझाईश दी गई। समझाईश नहीं मानने पर तीन बार चेतावनी दी गई, जिसके पश्चात बल प्रयोग करने का आदेश दिया गया। भीड़ को तितर-बितर करने टीयर गैस (अश्रु गैस) भी छोड़ा गया तथा आवाजी कारतूस भी फायर कराया गया। इस दौरान कैजुल्टी होने पर मेडिकल रेस्क्यु करते हुए कार्यवाही कैसे जारी रखनी है इसका भी अभ्यास किया गया। साथ ही इस पूरे प्रक्रिया के दौरान रखी जाने वाली सभी सावधानियों से भी जवानों को अवगत कराया गया।

एडिशनल एसपी संजय महादेवा ने बताया कि यह मॉकड्रिल जिले में किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति उत्पन्न होती है तो उससे निपटने की तैयारियों को परखने के लिए किया गया है। इसमें चरणबद्ध तरीके से भीड़ को तितर-बितर करने तथा प्रदर्शनकारियों से निपटने का अभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा ड्रिल आगे भी किया जाता रहेगा। जिससे जवान ऐसी किसी इमरजेंसी के हालात से निपटने के लिए मुस्तैद रहे।

इस दौरान सहायक सेनानी एरमन खलखो, सहायक सेनानी सुरेश लकड़ा, सहायक सेनानी कुंजराम चौहान, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर अक्षा गुप्ता, तहसीलदार रायगढ़ लोमस मिरी, नायब तहसीलदार प्रकाश पटेल एवं तृप्ति चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, निरीक्षक प्रशांत राव, निरीक्षक रामकिंकर यादव, निरीक्षक सुंदर लाल बांधे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# हाथियों के दलों ने गांवों में घुसकर मचाया उत्पात, मक्का और गेहूं के फसलों को रौंदा



**रामानुजगंज (आरएनएस)।** रामानुजगंज के फॉरेस्ट रेंज में बीती रात हाथियों के दल ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने खेत में लगी फसलों को तबाह कर दिया। हाथियों का दल 4-5 दिनों से रामानुजगंज फोरेस्ट रेंज के चिनिया, महावीरगंज और कनकपुर के आसपास के जंगलों में भ्रमण कर रहा है। ग्रामीणों में डर और दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार दिन में हाथी जंगल में रहते हैं लेकिन रात होते ही भोजन की तलाश में गांव की तरफ आते हैं और तोडफ़ोड़ करते हैं। हाथियों के दल ने मक्का, गेहूं सहित अन्य फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया। खेतों में हाथियों के पैरों के निशान भी मौजूद है जिससे साफ पता चल रहा है कि हाथियों ने बीते रात अपनी भूख मिटाने के लिए खेत में धावा बोलकर फसलों को रौंदते हुए बर्बाद कर दिया, जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई है।

# गौठानों में गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में लाए तेजी -कलेक्टर सिन्हा

- कलेक्टर ने कहा गोधन न्याय योजना में लापरवाही पर होगी कार्यवाही
- रीपा में तैयार उत्पादों के मार्केट लिंकेज और स्वावलंबी गौठानों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश
- धरमजयगढ़ ब्लॉक में योजना की धीमी प्रगति पर संबंधित अधिकारियों को शो काज नोटिस जारी करने कलेक्टर ने किया निर्देशित
- कलेक्टर सिन्हा ने गोधन न्याय योजना के संबंध में सभी जनपद सीईओ की ली बैठक





**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ की बैठक ली। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहीं लापरवाही मिलती है तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने विकासखंडवार गौठानो में गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट विक्रय की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कुछ विकासखंड में खरीदी अच्छी हो रही है लेकिन धरमजयगढ़, तमनार, लैलूंगा में खरीदी बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखण्ड में योजना की धीमी प्रगति को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कृषि विभाग के अमले को इसके लिए फील्ड स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्मी कंपोस्ट निर्माण कृषि विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं चलेगी। उप संचालक कृषि को सभी आरएईओ को गौठानों की फील्ड मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। इसके साथ ही पशु पालन विभाग के अमले को भी इस कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी गौठान सक्रिय हो तथा वहां नियमित रूप से खरीदी हो। नहीं तो कृषि और पशुपालन विभाग के संबंधित नोडल अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी। इसके साथ ही कलेक्टर सिन्हा ने वर्मी कंपोस्ट निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने खरीदे गए गोबर के मुकाबले कन्वर्शन रेशियो में सुधार लाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गो मूत्र खरीदी की भी समीक्षा की और इसमें बढ़ोत्तरी करने के लिए उप संचालक पशुपालन को निर्देशित किया।

**स्वावलंबी गौठानों की संख्या बढ़ाएं-** कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में कहा कि जिले में स्वावलंबी गौठान की संख्या बढ़ानी है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट निर्माण और उसकी बिक्री तक सारे कार्य सुचारू रुप से होना चाहिए। जिससे गौठानों की आय में वृद्धि हो और वे स्वावलंबी बन सके।

**मार्केट लिंकेज पर दें जोर-** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि जिन गौठानों में ग्रामीण औद्योगिक पार्क संचालित हो रहे है, वहां तैयार उत्पादों के मार्केट लिंकेज पर जोर दें। ग्रामीण औद्योगिक पार्क का उद्देश्य महिला समूहों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर जो ग्रामीण अपना खुद का व्यवसाय या उद्यम चालू करना चाहते है उन्हें बढ़ावा देना है। जिससे न केवल उस काम से जुड़ा व्यक्ति आय अर्जित कर सके बल्कि दूसरों के लिए रोजगार के मौके भी तैयार हो। कलेक्टर सिन्हा ने इसके लिए मार्केट लिंकेज पर जोर देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित उद्योगों से टाईअप कर निर्मित प्रोडक्ट के लिए मार्केट तैयार किया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480